# छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता युक्त साइकिल दे रही झारखंड सरकार : प्रो. करमा उरांव

## छात्रों-छात्राओं के बीच चार सौ साइकिलों का किया गया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को जिला कल्याण विभाग द्वारा 13 स्कूलों के 400 छात्रों-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया। साईकिल का वितरण करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए गुणवत्ता युक्त साइकिल दे रही है। दूर दराज के गांवों से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यह बड़ी सौगात है। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय परिसर में बतौर मुख्य अतिथि करमा उरांव के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रमुख विनीता कच्छप ने भी छात्र-छात्राओं के बीच निः शुल्क किया गया। करमा उरांव ने कहा कि लगातार क्षेत्रवासियों को सीधे तौर पर लाभ देने का काम किया जा रहा है।



साइकिल मिलने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अब स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने कहा कि साइकिल के वितरण से स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों की संख्या में कमी आएगी एवं नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए बच्चे प्रेरित होंगे। वहीं अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ेंगे, यही सरकार की सोच है। इससे बच्चे उत्साहित होंगे तथा शिक्षण कार्य में सुधार होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी करमु कुंडीर ने किया। इस मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, कनीय अभियंता सद्दाम अंसारी, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी देवकुमार राम, सीआरपी सुशांत कुमार मिश्रा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुग्रीव कुमार व विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### रातू में बाइक दुर्घटनाग्रस्त चालक घायल

**रातू।** थाना क्षेत्र के बेलांगी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को दिन के तीन बजे एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक बरहे बीजूपाड़ा निवासी जीतेंद्र लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पीसीआर 29 की टीम ने घायल को सीएचसी रातू पहुंचाया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सिल्ली में 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**सिल्ली।** थाना क्षेत्र के सिल्ली कॉलेज की 12वीं की छात्रा निर्मला कुमारी ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका निर्मला मैसूडीह निवासी विराज महतो की पुत्री थी। घटना बुधवार रात की है। परिजनों ने रात नौ बजे उसे खाना के लिए बुलाया, परंतु काफी देर तक उसके कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे पर फंदे के सहारे झूल रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गुरुवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### दिउड़ी मंदिर परिसर का आठ करोड़ रुपए से होगा सौंदर्यीकरण

**तमाड़।** प्रखंड के दिउड़ी मंदिर परिसर का लगभग आठ करोड़ रुपये से सौंदर्यीकरण होना है। इसमें मेरेज हॉल, वीआईपी हॉल, गार्डन और मार्केट कांप्लेक्स शामिल है। इस संबंध में तमाड़ प्रखंड मुख्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी सह दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किस्टो कुमार बेसरा ने बैठक रखी थी। बैठक में दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, परिसर के दुकानदारों और पुजारियों को शामिल होना था, परंतु एक भी दुकानदार बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक के बाद, अनुमंडल पदाधिकारी ने दिउड़ी मंदिर परिसर पहुंचकर सभी दुकानदारों को मंदिर परिसर में होने वाले सौंदर्यीकरण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्य होगा इसलिए सभी दुकानदारों को आगे बढ़ाकर दुकान लगानी होगी, ताकि सौंदर्यीकरण कार्य बाधित नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि नई दुकानें बनने के बाद, सभी दुकानदारों को पुनः दुकान आवंटित की जाएगी, परंतु अधिकांश दुकानदारों ने चुप्पी साध ली।

### आम्रेश्वर धाम परिसर में मुनीनाथ मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन कर बाबा मागेश्वर घाम प्रबंध समिति के वरीय उपाध्यक्ष मुन्नीनाथ मिश्रा को श्रद्धांजलि दी गई। उनके निधन पर समिति के सदस्यों ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मुनीनाथ मिश्रा का हम सब को छोड़ कर चला जाना बहुत ही दुःखद घटना है। इस कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने कहां कि मुन्नीनाथ मिश्रा समिति के सच्चे सिपाही थे। उन्होंने समिति के लिए बहुत ही उपयोगी कार्य किये। खास कर यहां के मंदिरों और परिसर के किवास को गति प्रदान करने में उनका हमेशा बहुमूल्य योगदान रहा है।

### मनरेगा से संबंधित प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रखंडस्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेड़ो, तुतलो, करकरी, हरिहरपुर, जामटोली, नेहालू कपरिया, खुखरा, जरिया और डोरंडा पंचायत के मुखिया और पंचायत सेवक शामिल हुए। प्रशिक्षण पंचायती राज के मास्टर ट्रेनर प्रदीप कुमार और पंकज ठाकुर ने दिया, जहां मनरेगा से संबंधित 27 सेवाओं का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, पंचायती राज के सद्दाम अंसारी, अमित केरकेट्टा और जनार्दन आदि मौजूद थे।

### सिल्ली में चोरों ने एक लाख रुपये की संपत्ति चुराई

**सिल्ली।** थाना क्षेत्र के टुटकी टांड़ के पास कोचो गांव निवासी दीपू कुमार महतो के घर से चोरों ने जेवरात, कपड़े समेत लगभग एक लाख रुपए की संपत्ति चुरा ली। घटना बुधवार रात की है। पीड़ित ने बताया कि जानकारी देने के बाद भी लगभग आठ घंटे के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दीपू ने बताया कि बुधवार की रात खाना खाकर वह अपने कमरे में सोने चला गया था। दूसरे कमरे में भाई रहता है जिसके देर रात घर आने के पहले ही चोरों ने पिछले दरवाजे से घर में घुसकर अलमारी और बक्सा में रखे आभूषण और कपड़े चुरा लिए वहीं कुछ कपड़े को पास में ही फेंक दिया। इस संबंध में सिल्ली थाना में गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

खलारी कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद हरकत में प्रशासन

# रात आठ से सुबह छह बजे तक होगा फ्लाई ऐश का परिवहन



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

फ्लाई ऐश के असुरक्षित परिवहन को लेकर खलारी कांग्रेस के हस्तक्षेप के बाद खलारी प्रशासन सजग हो गया है। मालूम हो कि बुधवार को कांग्रेस नेता राजेशसिंह मिंटू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं व व्यवसायियों ने केडी बाजार में फ्लाई ऐश लदे ट्रकों को रोक खलारी सीओ को आम जनता की परेशानी से अवगत कराया था। गुरूवार को अंचल अधिकारी खलारी प्रणव अम्बष्ट व थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने खलारी की सीमा पर ही फ्लाई ऐश लदे हाइवा ट्रकों को रोक लिया। सभी वाहनों के संबंधित कागजात जांच किए गए। वाहन के कागजात थे परंतु फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित नहीं था। सीओ ने फ्लाई ऐष ढुलाई कराने वाले ट्रांस्पोर्टर से बात किया। कहा कि यह सुनिश्चित करें कि परिवहन के दौरान एक भी फ्लाई ऐश सड़क पर न गिरे। सघन आबादी वाले क्षेत्र के बीच से परिवहन किए जाने के कारण कहा कि दिन में खलारी होकर फ्लाई ऐश का परिवहन न किया जाय। कहा कि रात आठ बजे से सुबह छह बजे के बीच की फ्लाई ऐश का सुरक्षित परिवहन करें। इस दौरान कांग्रेस नेता राजेशसिंह मिंटू, खलारी प्रखंड झामुमो अध्यक्ष अनिल पासवान, तनवीर आलम, पप्पू सिंह भी साथ थे।

# नक्सलियों-अपराधियों का सेंदरा न करें ग्रामीण, पुलिस को सौंपे: एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

जिले के एसपी अमन कुमार के नेतृत्व में रानिया थाना अंतर्गत खटखुरा पंचयात के केनबांकी गांव और चाईबासा जिले के सीमावर्ती क्षेत्र ताम्बा गांव में गुरुवार को मंजू सुरीन मुखिया खटखुरा पंचायत, सोमा मुंडा ग्रामप्रधान केनबांकी, वार्ड मेंबर एवं सुषमा डहंगा मुखिया, ताम्बा पंचायत तथा दोनों गांव के अन्य ग्रामप्रधानों और ग्रामीणों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश के कानूनी प्रावधान और कानूनी कार्रवाई के बारे जानकारी देते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सलह्णउग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों जरिये अपराधियों और उग्रवादियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सेंदरा अभियान के तहत उग्रवादियों को पकड़ कर हत्या करने जैसे घटना में शामिल नहीं होने की एसपी ने अपील की। साथ ही



अपराधी नक्सलियों की जानकारी देने और पकड़कर थाना और वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करने की अपील एसपी ने की। अफीम, पोस्ता, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थो की खेती नहीं करने, उससे होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जानकारी बैठक में दी गई। साथ ही डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास, बाल मजदूरी, बाल व्यापार, यातायात नियमों का पालन करने, वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, पुलिस से मदद पाने के लिए डायल-112 साइबर ठगी का शिकार होने पर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। बैठक में पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आमजनों से सुझाव लिये गये एवं उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए समाधान का प्रयास किया गया। बैठक में क्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा, अशोक कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक तोरपा अंचल और विकास कुमार जायसवाल थाना प्रभारी रानिया उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### जिप सदस्य ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**खलारी।** खलारी पूर्वी की जिप सदस्य शाल्या परवीन व उनके पति मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांट रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को शाल्या परवीन ने अपने आवास पर आए एक सौ से अधिक जरूरतमंद, वृद्ध महिला-पुरूष को कंबल बांटी। मालूम हो कि इस वर्ष अभी तक प्रखंड स्तर पर बंटने वाला सरकारी कंबल नहीं आया है। शाल्या परवीन ने कहा कि वे अपनी क्षमता के अनुसार जितने भी जरूरतमंद गरीब को कंबल बांट सकेंगे, बांटेगे।

### पीएलएफआई एरिया कमांडर कृष्णा यादव के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**खलारी।** खलारी थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए पीएलएफआई एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुलतान जी के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। गुरूवार को खलारी थाना के दो पदाधिकारी सशस्त्र बल के साथ चूरी बस्ती स्थित कृष्णा यादव के घर गए और इश्तेहार चिपकाने की कारवाई की। मालूम हो कि कृष्णा यादव उग्रवादी घटना में वांछित अभियुक्त है तथा फरार चल रहा है।

### सड़क हादसे में कार सवार घायल



**चान्हो।** थाना क्षेत्र के एनएच 39 चटवल मोड़ के समीप गुरुवार शाम 6 बजे फिर एक सड़क दुर्घटना हुआ। इस हादसे में कर चालक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि लोहरदगा से रांची की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी। डिवाइडर से टकराते ही कार का एयरबैग खुल गया जिससे कर सवार की जान बच गई। मालूम हो कि बुधवार दोपहर उक्त स्थान पर हुए सड़क दुर्घटना में मां बेटे की मौत हो गई थी। इस तरह से कहा जाए तो एनएच 39 चटवल मोड जानलेवा बन चुका है।

### चान्हो में सड़क हादसे में मारे गए मां-बेटे को दी गई अंतिम विदाई

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के ओपा निवासी मां-बेटे को गुरुवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। सड़क हादसे में मारे गए मृतक सुदामा गोस्वामी का शव बुधवार की रात पोस्टमार्टम के बाद चान्हो पहुंचा था जबकि उसकी मां लक्ष्मी देवी का शव गुरुवार को चान्हो पहुंचा। इसके बाद एक साथ मां-बेटे का अंतिम संस्कार किया गया। लक्ष्मी देवी के छोटे बेटे सुखदेव गोस्वामी ने अपनी मां और बड़े भाई की चिता को मुखाग्नि दी। एक साथ मां-बेटे की मौत होने के कारण पूरे गांव में शोक का माहौल है। ज्ञात को कि बुधवार की दोपहर 12 बजे कोयला लदा ट्रक सड़क पर चल रही बाइक के ऊपर पलट गया था। इससे बाइक सवार सुदामा गोस्वामी और उसकी मां लक्ष्मी देवी की मौत हो गई थी।


### बेड़ो में 10 व्यवसायियों से रंगदारी मांगने का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**बेड़ो।** पीएलएफआई के नाम पर पोस्टरबाजी कर विधानसभा चुनाव के बहिष्कार की धमकी देने और प्रखंड के 10 व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के मामले का बेड़ो पुलिस ने खुलासा कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों में बेड़ो के हुंटार गांव निवासी सुमित उरांव उर्फ बारला उरांव और पलामू जिले के चैनपुर थाना के साहपुर गांव निवासी पंकज कुमार शामिल हैं। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया इस मामले में बेड़ो थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। इस कांड में शामिल शेष आरोपियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी में थाना प्रभारी नकुल साह, एसआई नंदू पैरा और एएसआई निरंजन तिवारी समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

# पुलिस ने 8.5 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

खूंटी जिले के ग्रामीण इलाकों में हो रही अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस ने खूंटी, सायको, अड़की, मारंगहादा और मुरहू थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर 8.50 एकड़ खेत में लगी अफीम की फसल को नष्ट कर दिया। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि खूंटी थाना के ग्राम मारंगहातू में एक एकड़, सायको थाना क्षेत्र के ग्राम ओतोंगओड़ा में तीन एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के ग्राम डेव में एक एकड़, अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम भुरुसुडीह में दो एकड़ और मुरहू थाना क्षेत्र के ग्राम केवड़ा में 1.5 एकड़ में लगी अवैध अफीम खेती को नष्ट किया गया। इससे पूर्व पुलिस ने बुधवार को भी विभिन्न इलाकों में अभियान चलकर नौ एकड़ खेत में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया था। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दक्षिणी छोटानागपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने खूंटी थाना परिसर में जिले के वरीय और कनीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर अफीम की खेती के खिलाफ लगातार और व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया था। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि जिस थाना क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती होगी, वहां के थानेदार के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



केवड़ा में 1.5 एकड़ में लगी अफीम की खेती को किया गया नष्ट

# पत्नी की वापसी के लिए गुहार लगा रहा है खलारी का सूरज

## अगुआ ने रचा षड़यंत्र, मायका से पत्नी नहीं लौटी वापस

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी का सूरज अपनी पत्नी की वापसी के लिए जगह-जगह गुहार लगाए चल रहा है। खलारी थानाक्षेत्र के जेहलीटांड़ में रहने वाले सूरज प्रजापति की शादी विगत 4 जुलाई को सिमडेगा की दीपिका से खलारी के पहाड़ी मंदिर में हुई थी। नामकुम निवासी चंदन चौधरी शादी का अगुआ था। सूरज के माता पिता नहीं हैं। वह एक फैब्रिकेशन दुकान में मजदूरी करता है। शादी में अपने कमाई की पूरी जमा पूंजी खर्च कर दी। शादी से वह काफी खुश था। परंतु उसकी खुशी कुछ दिनों की ही थी। शादी के पंद्रह दिन तक ही सूरज की पत्नी उसके साथ रही। 15 दिन बाद ही 02 अगस्त को उसकी पत्नी अपने भाई सूर्या के साथ मायके चली गई। इधर शादी के दो दिन बाद से ही अगुआ चंदन चौधरी जिस तरह का व्यवहार करने लगा था उससे सूरज व उसके परिवार के लोग सशंकित था। सूरज को जानकारी मिली की सूर्या के साथ चंदन चौधरी भी उसकी पत्नी



को लेने आया है। चंदन कहीं रूक गया है और केवल सूर्या को दीपिका को ले जाने के लिए भेजा है। इसके बाद सूरज ने तय किया कि खलारी थाना पुलिस के समक्ष अपनी पत्नी दीपिका को उसके भाई को सौंपेगा। इसके बाद खलारी थाना में लिखित रूप में दीपिका को उसके भाई को सौंपा गया। सूरज का कहना है कि एक षड़यंत्र के तहत उसकी पत्नी को मायके न ले जाकर रांची ले जाया गया। वहां से सूरज के विरूद्ध दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का झूठा मुकदमा कर दिया गया। सूरज ने बताया कि चंदन चौधरी एक एनजीओ चलाते हैं। कहा कि उन्होंने जानबूझ कर मेरी जिन्दगी और मेरी भावनाओं से खिलवाड़ किया।

### अनगड़ा में सड़क हादसा, नाबालिग बाइक चालक की मौत

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के साल्हन में पिकअप वैन और बाइक के बीच टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 16 वर्षीय रोहित महतो बेड़वारी निवासी की मौके पर मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह लगभग सात बजे की है। बताया जाता है कि रोहित महतो साल्हन से अपने घर लौट रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से (सिल्ली से रांची) से आ रही एक पिकअप वैन से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना के समय रोहित ने हेलमेट भी नहीं पहना था। मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से तेज रफ्तार बाइक पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि युवाओं की जान बचाई जा सके।

# मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चलाये अधिकारी : लोकेश मिश्रा

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों ओर अंचलाधिकारियों को मादक द्रव्यों के नियंत्रण के लिए व्यापक अभियान चलाने का निर्देश दिया। उपायुक्त गुरुवार को खूंटी जिले में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले




की सीमाओं और विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी और अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमें नशा मुक्ति अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाते हुए निरंतर कार्रवाई जारी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में आवश्यक रूप से छापेमारी अभियान चलाया जाए। साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एफआइआर और विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

# डॉ एसके घोषाल को फ्रांस में मिला 'ज्योतिष शिरोमणी सम्मान'



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी निवासी रांची विश्वविद्यालय में ज्योतिर्विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा एसके घोषाल को फ्रांस में 02 दिसंबर को आयोजित हुए 37वां अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष, वास्तु और योगा सेमीनार में ह्यज्योतिष शिरोमणी सम्मानह्य से सम्मानित किया गया है। सेमिनार में डा एसके घोषाल नें ह्यभारतीय धर्मशास्त्रों में ज्योतिषीय तथ्यह्ल विषय पर अपना लेख प्रस्तुत किया। जिसके माध्यम से उन्होंने वेद, उपनिषद, बाल्मिकी रामायण, महाभारत, भगवद्गीता एवं आयुर्वेद जैसे ग्रंथों में ज्योतिष के विषय में उल्लेखित विषय वस्तुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हस्तरेखा विशेषज्ञ सुश्री सुरैया प्रसिद्ध, विशिष्टि अतिथि आल इंडिया लीगल एड फोरम के जेनरल सैक्रेट्री अधिवक्ता जायदीप मुखर्जी उपस्थित थे। डा घोषाल ने बताया कि सेमिनार में देश विदेश से प्रसिद्ध 42 ज्योतिषी शामिल हुए थे। डा घोषाल की उपलब्धि पर लोगों ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अर्चना दुबे, निदेशक डा उषा टोप्पो, डा मधुलिका वर्मा, डा श्रीप्रकाश सिंह, डा भारती द्विवेदी के अलावा खलारी कोयलांचल से नवकुमार बनर्जी, समरकुमार सेन, आचार्य विश्वजीत घोषाल, सीएस रत्ना, रामसूरत यादव, दीपक प्रसाद, संजयकुमार सिंह सहित अन्य लोग शामिल है।

# धान अधिप्राप्ति के लिए लैम्पस और पैक्स को 15 से सक्रिय करें अधिकारी: उपायुक्त

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में गुरुवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 धान अधिप्राप्ति योजना की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से धान अधिप्राप्ति को लेकर लैम्प्स केंद्र और पैक्स केंद्र को 15 दिसंबर से सक्रिय कर किसानों से धान अधिप्राप्ति करने का निर्देश दिया गया। राज्य स्तर से धान अधिप्राप्ति के लिए खूंटी जिले को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत किसानों से धान अधिप्राप्ति का निर्देश दिया गया। कृषकों से धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी को आपस में समन्वय स्थापित पर पंचायत स्तर पर कृषकों को धान अधिप्राप्ति के लिए पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया। कृषकों को बिचौलियों से सावधान रहने को लेकर उन्हें जागरूक करने को कहा गया। बैठक में उपस्थित राइस मिल को लैम्प केंद्र एवं पैक्स केंद्र से धान का ससमय उठाव को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पीपीके कॉलेज बुंडू में कुरमाली भाषा पर गोष्ठी

**बुंडू।** पीपीके कॉलेज के कुरमाली भाषा विभाग में गुरुवार को अभिभावक, शिक्षक और छात्र संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें कई छात्र-छात्राएं और अभिभावक शामिल हुए और अपना-अपना सुझाव दिए। कुरमाली विभाग के इंचार्ज डॉ लखींद्र मुंडा ने सभी विद्यार्थियों को क्लास में शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य बताया। मुख्य अतिथि कुरमाली भाषा के महान कवि और साहित्यकार देवेन्द्र महतो अपने उद्गार भाषण में कहा कि कुरमाली भाषा बहुत ही प्राचीन भाषा हैं। इसमें अधिक शोध करने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार ने किया।

### स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा

# सभी गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव करें सुनिश्चित : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत प्रथम ए.एन.सी. पंजीकरण, ए.एन.सी. जांच, संस्थागत प्रसव, शिशु कुपोषण उपचार केन्द्र, हीमोग्लोबिन जांच, टी.बी. जांच, मलेरिया, जन्म दर, मातृ मृत्यु अनुपात एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, पोषण अभियान कार्यक्रम व आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण से संबंधित योजनाओं की कार्य प्रगति विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में प्रथम ए.एन.सी. एवं चौथा ए.एन.सी. पंजीकरण को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रथम ए.एन.सी. रजिस्ट्रेशन हेतु सहिया के माध्यम से हाउस टू हाउस जा कर कराने की बात कहीं। साथ ही सभी आंगनबाड़ी केंद्र से सेविका के माध्यम से डाटा उपलब्ध कराते हुए एंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले की सभी गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव हो इसे सुनिश्चित करेंगे। सैम एवं मैम बच्चों का चिन्हित करण करते हुए कुपोषण उपचार केन्द्र (एम.टी.सी.) भर्ती कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने एनीमिया मुक्त भारत, सैम बच्चों के बेड ऑक्यूपेंसी से संबंधित आवश्यक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के उन्होंने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की समीक्षा कर सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन कर योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने चयनित सभी लाभुकों को यथाशीघ्र लाभ मुहैया कराने की बात कहीं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के अंतर्गत छुटे हुए लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं दिए जाने वाली लाभ का समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का प्रथम ए.एन.सी. पंजीकरण कराते हुए सरकार द्वारा मिलने वाली सभी लाभ को मुहैया कराने का निर्देश दिया। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित रूप से पूरक पोषाहार वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उनका प्रतिदिन की फोटोग्राफ पोर्टल पर अपलोड कराने की बात कहीं। साथ ही पोषण ट्रैकर ऐप में आंगनबाड़ी केंद्र की डेली मॉनिटरिंग रिपोर्ट की समीक्षा करने की बात कहीं। पोषण ट्रैकर ऐप में सेविका द्वारा डाटा की सही एंट्री सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुनी कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सीडीपीओ सिमडेगा, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी प्रखंड के एमओआईसी, महिला सुपरवाइजर सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।



## जिला स्तरीय आपराधिक मुआवजा व जिला निगरानी की संयुक्त बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जिला स्तरीय आपराधिक चोट मुआवजा समिति और जिला निगरानी समिति की संयुक्त बैठक गुरुवार को हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में कहा गया कि मंडल कारा में जेल अदालत के साथ ही मेडिकल जांच कैंप लगाने पर चर्चा हुई। बैठक में पीड़ितों को समय से विक्टिम कंपनसेशन स्कीम का लाभ देने की बात कही गई। पीडीजे ने कहा कि सभी आवश्यक प्रक्रिया और जांच पूरी होने के बाद पीड़ितों को योजना का लाभ दिया जाए। बैठक में कोर्ट फीस देने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पीडीजे सिन्हा ने कहा कि 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो इसके लिए सभी विभागों का सहयोग आवश्यक है। बैठक में कहा गया कि 12 जनवरी को प्राधिकार द्वारा मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में जिला प्रशासन के द्वारा अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए।इस पर प्राधिकार के उपाध्यक्ष सह उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने आश्वस्त किया कि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इसके लिए सभी विभागों को निर्देश दिए जाएंगे। बैठक में कहा गया कि केस डायरी समय से सिस्टम में अपलोड करने की कोशिश हो। साथ ही लंबे दिनों अदालत में उपस्थित नहीं होने वाले अभियुक्तों को समय से अदालत में पेशी के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश प्राधिकार के सदस्य सह एसपी सौरभ को दिया गया और कहा गया कि यह विशेष टीम नोटिस तामिला करने का काम करेगी।बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान को निर्देश दिया गया कि प्लेस ऑफ सेफ्टी,अटल क्लिनिक और जेल में समय समय पर मेडिकल कैंप लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच करें। नगर परिषद को समय समय पर शहर में फॉगिंग करने का निर्देश दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### ये क्या... देख-रेख के अभाव में सरकारी लैंपस बन गया गौशाला, देखने वाला कोई नहीं



**जलडेगा।** प्रखंड मुख्यालय के पास करोड़ों रुपये की लागत से बने लैंपस भवन आज किसी काम का नहीं। बनने के बाद से इन भवनों का कोई उपयोग नहीं हो रहा है। जिस लैंपस में किसानों के धान रखा जाना चाहिए आज वहां हर तरफ गोबर भरा हुआ है। देख - रेख और बगैर इस्तेमाल के उक्त भवन खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। रखरखाव के अभाव में आसपास झाड़ियां उग गई हैं। इसमें से एक भवन पूरी तरफ गौशाला बना हुआ है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है।

### करमडीह के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के करमडीह के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान तिलक दास उम्र 25 वर्ष करमडीह निवासी के रूप में हुई।जानकारी के अनुसार घायल युवक घर से अपने ससुराल सावां गांव जा रहा था ।करमडीह मध्य विद्यालय के नजदीक अपनी बाईक से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे गिर गया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी है।थाना प्रभारी नवीन कुमार के द्वारा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया ।जहाँ घायल का ईलाज चल रहा है।

### पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में महिला ने कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोली गांव में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में गुरुवार को महिला ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। तबीयत बिगड़ने पर उसे परिवार वालों के द्वारा सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया जहां पर उसकी इलाज चल रही है। मिली जानकारी के अनुसार रूप सोरेंग नामक महिला का पति राशन लेने के लिए घर से बाहर गया था और आने में देर हुआ इसी बात को लेकर कहां सुनी हुई और पति के द्वारा इस पर गुस्सा जाहिर किया तो गुस्से में आकर पत्नी ने कीटनाशक का सेवन कर लिया ।इधर सदर अस्पताल से सिमडेगा में महिला का इलाज चल रही है फिलहाल खतरे से बाहर है।

### 15 पंचायतों में पंचायत लीगल सर्विस क्लिनिक की हुआ शुरुआत

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झालसा के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखण्डों के 15 पंचायतों में पंचायत लीगल सर्विस क्लिनिक खोला गया है। जिले के सिमडेगा,पाकरटांड़,ठेठईटांगर, बांसजोर,बोलबा,जलडेगा, केरसई,कुरडेग और बानो प्रखंड के 15 पंचायतों में क्लिनिक खोला गया है। जहां पारा लीगल वोलेंटियर की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये पीएलवी सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को क्लिनिक में बैठकर लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए कानूनी जानकारी भी देंगे। इस संदर्भ में प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। बीडीओ से कहा गया है कि संबंधित पंचायत भवन में लीगल सर्विस क्लिनिक हेतु स्थान उपलब्ध कराते हुए पारा लीगल वोलेन्टियर के बैठने की समुचित व्यवस्था करें।

### ऑटो एवं ट्रैक्टर में भिड़ंत ऑटो में सवार व्यक्ति की इलाज के क्रम में मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगढ़ के पास ऑटो एवं ट्रैक्टर में हुई भिड़ंत में ऑटो में सवार बिरनी बेड़ा गांव निवासी 28 वर्षीय प्रदीप डांग नामक व्यक्ति की इलाज के क्रम में गुरुवार को सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और मृतक युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप अपने बेटी के साथ मेहमान गया था और मोटरसाइकिल से लौट रहा था इसी दौरान शाम होने की वजह से ठंड के कारण रास्ते से गुजर रहे ऑटो को रोक कर उसमें अपने मोटरसाइकिल को डाल दिया तथा अपने घर की ओर जाने लगा इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के साथ ऑटो की भिड़ंत हुई और ऑटो पलट गई जिसके बाद प्रदीप के माथे में गंभीर चोट लगी जबकि उसकी बेटी को हल्की चोट लगी वही ऑटो चालक सूरज को भी चोट लगी। तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा लाया गया था जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### कांग्रेस द्वारा डाक बंगला बानो में संविधान बचाओ अभियान की हुई शुरुआत



**बानो।** डाक बंगला बानो में गुरुवार को कांग्रेस कमिटि प्रखण्ड बानो का संविधान बचाव अभियान कार्यक्रम का शुरुआत किया गया।संविधान को बचाने का संकल्प अनिल बागे के द्वारा प्रस्तावना पढ कर दिया गया। जिला महासचिव सह बानो प्रखण्ड संविधान बचाव अभियान प्रभारी जगदीश बागे ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए कॉंग्रेस पार्टी तत्पर है।संविधान की रक्षा कैसे उस पर विस्तार जानकारी देते हुए कहा कि हर भारतीय को अपने हक , अधिकार के लिए आगे आना होगा। गरीब दलित ,आदिबासी समाज के हितों के लिए संबिधान में प्रमुखता से जगह दी गई है। कार्यक्रम में रफीक अंसारी के द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया बैठक में उपाध्यक्ष-अनिल बागे,उपाध्यक्ष-रफीक अंसारी,सचिव-अनमोल लुगुन, वरिष्ठ कांग्रेसी शफीक आदि लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में प्रखंड कांग्रेस कमेटी में चलाया गया संविधान बचाओ अभियान

**कोलेबिरा।** प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा गुरुवार को संविधान बचाओ अभियान की शुरूआत किया गया। जिसमें रणबहादुर चौक से लेकर प्रखंड कार्यालय रोड तक जुलूस की शक्ल में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला।जिसमें कई प्रकार के नारा लगाए। मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार लगातार संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है और जिसे बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी संविधान बचाओ अभियान पूरे देश भर में ग्राम स्तर तक चल रही है ,ताकि लोग संविधान में दिए गए अधिकारों को जान सके।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड प्रभारी अनुप लकड़ा , रावेल लकड़ा, जिला प्रतिनिधि समी आलम, प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, श्यामलाल प्रसाद, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, जमीर अहमद फुलकेरिया डांग , राकेश कोनगाडी जोसेफ सोरेंग, सुनील खड़िया युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग, तजमूल अहमद , महिमा डांग ,लूथर सुरीन ,सुमन गुड़िया, मनोज डुंगडुंग, कंदरू नायक, कोमल बागे ,अरुण बागे ,बसंत केरकेट्टा ,ऐरेन केरकेट्टा, रोशन केरकेट्टा, लोंगोय डुंगडुंग, अशोक लूगून, अल्बिनुस लुगून, बिनय बिलूंग ,संतोष बा ,आंद्रियास कुल्लू ,कुलदीप किडो, देवनीस लकडा ,आदी उपस्थित रहे।

## एक माह में ही उखड़ने लगी सीएम ग्राम सेतु योजना के तहत बनी सड़क

- मजदूरों ने ग्रामीण विकास विभाग प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से बकाया मजदूरी दिलाने का लगाया गुहार




**निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को दी गई कम मजदूरी**

पुल और सड़क निर्माण कार्य में लगे स्थानीय मजदूरों को भी कम मजदूरी दी गई है। सुरेश समद, अमृत समद, अशोक जोजो, फिरोज अहीर, महेश अहीर, बलदेव अहीर, बिमल समद, जोसेफिन समद, अनीता समद, लूसिया जोजो, नीलम जोजो, रोशन्ति समद, फुदेंसिया समद, ग्लोरिया लुगुन आदि लोगों ने बताया कि उन्होंने ठेकेदार से सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी दर देने को कहा था लेकिन ठेकेदार ने किसी की बात नहीं सुनी। किसी को 250 तो किसी को 300 रुपए के हिसाब से मजदूरी भुगतान किया गया है। ग्रामीणों ने ग्रामीण विकास विभाग प्रमंडल सिमडेगा के कार्यपालक अभियंता से मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान कराने और घटिया सड़क निर्माण को जांच कर कारवाई करने की मांग की है।

जलडेगाःले के विकास में भ्रष्टाचार का दीमक इस कदर लग चुका है कि छोटी सी सड़क भी गुणवत्तापरक नहीं बन पा रही है। हाल यह है कि लोग हाथों से सड़कों को उखाड़ दे रहे हैं। मामला जलडेगा प्रखंड से जुड़ा है। ग्रामीणों द्वारा ओड़गा सारुबहार और जानूम टोली के बीच पुल और सड़क निर्माण की मांग करते हुए कई साल बीत गया और बड़ी मुश्किल से मांग पूरी होने के बाद सरकार ने करोड़ों रुपए की मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल और सड़क बनाने की स्वीकृति देकर जैसे ही पुल सड़क निर्माण के आदेश दिए और करोड़ों का बजट दिया तो अफसरों से लेकर ठेकेदारों तक के चेहरे खिल उठे। 21 जुलाई 2023 को पूर्व सांसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं वर्तमान विधायक नमन बिकसल कोनगाड़ी द्वारा इस पुल और सड़क का उद्घाटन किया गया था। इस दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का आश्वाशन भी दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा अभी तक कार्यस्थल पर प्राक्कलन राशि से संबंधित योजन बोर्ड नहीं लगाया गया है। लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा जैसे तैसे निर्माण कार्य करा दिया गया लेकिन इस बीच कभी भी विधायक अथवा सांसद के प्रतिनिधि ने निर्माण कार्य का जायजा लेना सही नहीं समझा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के एक माह के अंदर आज सड़क की स्थिति ऐसी हो गई कि पूरा सड़क उखड़ रहा है। लोग हाथों से सड़क को उखाड़ दे रहे हैं। यहां पुल और सड़क निर्माण के नाम पर सरकार ने करोड़ों रुपये दिए लेकिन गुणवत्तापूर्ण काम के नाम पर सिर्फ बजट खपाया गया।

## पुरुष नसबंदी अभियान के जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी को बढ़ावा देने और इसके लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुरुष नसबंदी अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 2 दिसम्बर 2024 से शुरू हो गया है, जो 21 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस दौरान पुरूष नसबंदी के तरीकों जैसे पुरुष नसबंदी और कंडोम के उपयोग को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों के क्रम में की जानकारी दी जाएगी।इसके तहत उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने समाहरणालय परिसर से पुरूष नसबंदी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में सोच बदलने की जरूरत है। परिवार नियोजन के लिए पुरूष भी नसबंदी के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि लोगों में अभी भी जानकारी का अभाव है। उसके लिए लोगों के बीच जाकर उन्हें समझाना होगा। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी स्वास्थ्यकर्मी लोगों के बीच जानकार उन्हें जानकारी दें। उन्हें समझाएं। परिवार नियोजन की कई विधियां हैं। उनमें स्थायी और अस्थायी विधियां भी हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक पुरुष नसबंदी करा सकता हैं। पुरुष नसबंदी में बिना चीरा या टांका के ऑपरेशन करा सकता हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद है कि जिन व्यक्तियों को परिवार में अब बच्चें की जरूरत नहीं है वह आगे बढ़कर पुरुष नसबंदी करा सकते हैं।मौके पर सदर अस्पताल, सिमडेगा के स्वास्थ्य पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।

## मजदूर नेता ने जिले के विभिन्न स्थानों का किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** गुरुवार को झारखंड मजदुर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कोलेबिरा प्रखंड ग्राम कोंडेकेरा में बन रहे धूमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मजदूरों से मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल जाना जिस पर मजदूरों ने कहा कि रेजा को 250 एवं कुली को 250,मिस्त्री को 500के दर से मजदुरी दिया जा रहा है। मजदूर नेता ने कहा कि मजदूरों को सरकारी दर 446 रुपए मजदुरी है। ओर मिस्त्री को 700 है आप सभी कम दर पर काम नही करे। श्री सिंह ने कहा कि ओड़गा में आईटीडीए विभाग की ओर से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है जहां मजदूरों को रेजा को 250 कुली को 300 दर से मजदुरी दिया जा रहा है । जिसे देखने वाला कोई नहीं है और लगातार मजदूरों का शोषण हो रहा है जिसको लेकर मजदूर यूनियन आंदोलन करेगी।उन्होंने कहा मजदूरों के समस्या को लेकर जलडेगा में मजदूरों का जनसभा का आयोजन किया जाएगा। मजदुर नेता ने कहा कि उपायुक्त एवं श्रम अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर संवेदक एवं विभाग के पदाधिकारी के खिलाफ कानूनी करवाई करें।श्री सिंह ने कहा कि मजदूरों का शोषण जिला में जारी है। गरीब को सुनने वाला कोई नेता नहीं है ओर न ही प्रशासन है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की हक अधिकार के लिए जल्दी आंदोलन किया जाएगा मौके पर कार्यक्षेत्र के मजदूर उपस्थित थे।

## बस से गांजा सहित एक गांजा तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ओडिसा-झारखंड सीमा पर खमनटांड इंटर स्टेट चेकपोस्ट में यात्री बस से गुरुवार को एक बार फिर से पुलिस ने साढ़े चार किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। सिमडेगा के बांसजोर ओपी अंतर्गत खम्मन टांड़ इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान राउरकेला से सिमडेगा की ओर जा रही ताज बस में सवार पलामू निवासी व्यक्ति मंजीत बैठा के पास से एक बैग के अंदर चार पैकेट गांजा बरामद किया गया। जब इसकी तौल हुई तो इसका वजन साढ़े चार किलो मिला।पुलिस ने गांजा को जब्त करते हुए गांजा तस्कर मंजीत को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताए कि विधानसभा चुनाव के दौरान बनाए गए इस इंटर स्टेट चेकपोस्ट में विगत दो माह के भीतर वाहन जांच के दौरान 09 बार यात्री बसों से करीब सवा क्विंटल से अधिक गांजा मिले है।

## सिमडेगा में बांग्लादेश के ख़िलाफ़ हुए आंदोलन की सफलता पर हुई समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला कार्यालय में गुरुवार को विशेष बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने की। बैठक में बांग्लादेश में हुए हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ जिले भर में 11 दिसम्बर को किए गए कार्यक्रम की समीक्षा की गई। इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि जिस प्रकार से बांग्लादेश में हुए अत्याचार के खिलाफ में सनातन समुदाय के लोग एकजुटता का परिचय देते हुए ऐतिहासिक तरीके से सिमडेगा जिले एव प्रखंड एव ग्राम स्तर तक के छोटे से छोटे गांव गली मोहल्ला चौक चौराहे में स्वेच्छा से अपने-अपने प्रतिष्ठानों को बंद किया एवं सभी मजदूर एवं सभी क्षेत्र में लोग अपने-अपने कार्यों को छोड़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया एवं बांग्लादेश के खिलाफ विरोध जताया यह सराहनीय है। साथ ही साथ पूरे जिले भर में गीता जयंती कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों हजार की संख्या में महिला पुरुष हिस्सा लिया। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार हम सभी सनातनियों को एक जुट रहकर भविष्य में भी आने वाले सभी कार्यक्रम एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है जिससे कि समाज में उच्च नीच जात-पात का जो भेदभाव के नाम पर भी विधर्मियों के द्वारा फैलाया जा रहे दुष्प्रचार को खत्म किया जा सके। वही इस कार्य में जिले के सभी पूजा समिति, मंदिर समिति, मजदूर यूनियन, एवं समस्त हिंदू संगठन ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। मौके पर उन्होंने पेयजल जलपान की व्यवस्था करने वाले लोगों का भी आभार व्यक्त किया मौके पर नगर के कार्यक्रम संयोजक पवन जैन ने नगर सहित सिमडेगा प्रखंड से आए हुए तमाम सनातन भाई-बहन एवं माता का भी आभार व्यक्त करते हुए इस कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया। वही समन्वय समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने भी अपनी बातें रखी।उन्होंने कहा किसी प्रकार सभी लोग संगठित रहें क्योंकि एकता में ही बल है। मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा की इस कार्य में सभी मजदूर भाइयों ने भी अपने-अपने कार्यों को छोड़ कर बांग्लादेश में हो रहे हिंदू, बौद्ध जैन सिक्ख,इसाई पारसी अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की उनको उन्होंने उनका आभार व्यक्त किया ।बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री कृष्ण शर्मा,नारायण दास,किरण चौधरी, विहिप नगर अध्यक्ष शम्भू प्रसाद,आनंद जैसवाल, ठेठईटांगर प्रखंड अध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे , लहरु सिंह, फिरमोहन बड़ाईक, सतोषदास ,अनूप केशरी,रामकिशन केशरी,विष्णुदयाल शर्मा, पिंटू सिन्हा,उपेंद्र श्रीवास्तव, रमेश महतो,कृष्णा बड़ाईक,श्रद्धानन्द बेसरा,रणजीत सिंह,सुनील कुमार साहू,दयाराम मेहर ,दीपनारायण दास,एवं विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं समस्त मन्दिर समिति के पदाधिकारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## पंचायत में मनरेगा के तहत काम मांगो अभियान की हुई शुरूआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए सहभागी विकास, सिमडेगा के तत्वाधान में ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी पंचायत सचिवालय में मनरेगा के तहत काम माँगो अभियान शिविर आयोजित की गई। इस शिविर में टुकुपानी पंचायत अंतर्गत आनेवाले 08 राजस्व ग्राम के ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से मनरेगा के तहत काम मांगने, नए जॉब कार्ड हेतु व जॉब कार्ड नवीकरण का आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर का शुभारंभ रामचन्द्र मांझी, ग्राम पंचायत टुकुपानी के मुखिया के द्वारा किया गया। सहभागी विकास के अवधेश कुमार प्रसाद द्वारा यह जानकारी दी गयी कि टुकुपानी व कोनमेंजरा पंचायत में ऐसे शिविर विभिन्न गांव में 31 दिसंबर तक चलते रहेंगे। इस शिविर में मनरेगा के तहत काम की मांगे हेतु 124, नए जॉब कार्ड हेतु 81 एवम जॉब कार्ड नवीकरण हेतु 30 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही जनवितरण प्रणाली से संबंधित राशन संवाद तथा सर्वजन पेंशन से संबंधित पेंशन परिषद भी सहभागी विकास द्वारा जनवरी 2025 में अभियान के रूप में चलाये जाएँगे। कार्यक्रम में मनोरंजन गुप्ता, पंचायत सचिव अरुणिमा कुजूर, रोजगार सेविका आनंदी डांग, सहभागी विकास के सुमराय बा, महादेव सिंह, कमला कुल्लू, रेशमा कुल्लू, महिमा केरकेट्टा, विन्सेन्ट कुल्लू आदि भी उपस्थित रहे।

